आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शुक्रवार** **दिनांक 13.02.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी– कहा कि यह दिवस रेडियो से जुड़े लोगों के प्रयासों को सम्मान देने का अवसर।

2– विश्व रेडियो दिवस पर रायपुर में आयोजित विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आकाशवाणी को सूचना, शिक्षा और स्वस्थ मनोरंजन देने का सशक्त माध्यम बताया।

3– प्रदेश में एसआईआर के तहत प्राप्त दावों और आपत्तियों पर सुनवाई तथा दस्तावेजों के सत्यापन के लिए कल अंतिम दिन।

**और**

4– सेना में विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए आज से शुरू हुई ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया–उम्मीदवार एक अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं।

............

## प्रधानमंत्री–रेडियो दिवस शुभकामना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह दिवस रेडियो से जुड़े लोगों के प्रयासों को सम्मान देने का अवसर है। वहीं, सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री डॉक्टर एल मुरुगन ने रेडियो की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख करते हुए अपने बचपन के दिनों को याद किया।

## विश्व रेडियो दिवस–रायपुर–01

विश्व रेडियो दिवस पर आज रायपुर में आकाशवाणी और यूनेस्को द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रीय स्तर के एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। इस वर्ष विश्व रेडियो दिवस की थीम "रेडियो और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस" है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आकाशवाणी सूचना, शिक्षा और स्वस्थ मनोरंजन देने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों और किसानों के लिए इसकी विशेष भूमिका है। श्री साय ने कहा कि तेज गति से समाचार देने के लिए विभिन्न माध्यमों के बीच हो रही प्रतिस्पर्धा के बीच आकाशवाणी ने विश्वसनीय, संतुलित और जनहितकारी सूचना देने की अपनी परंपरा को कायम रखते हुए एक विशेष पहचान बनाई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके रेडियो को किस तरह से और जनोपयोगी बनाया जाए, इस पर चिंतन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आकाशवाणी छत्तीसगढ़ में एफ.एम. ट्रासमीटरों की स्थापना और कुछ एफ.एम. ट्रांसमीटरों के उन्नयन के माध्यम से अपने एफ.एम. कवरेज क्षेत्र में विस्तार कर रहा है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यूनेस्को की क्षेत्रीय संचार और सूचना सलाहकार हज्जाज माले ने कहा कि रेडियो के पास व्यापक रूप से श्रोताओं तक पहुंचने की अद्वितीय क्षमता है। उन्होंने कहा कि यह मानवता को उसकी विविधताओं के साथ सशक्त स्वर प्रदान करता है। सुश्री माले ने कहा कि रेडियो आज भी सबसे विश्वसनीय संचार माध्यम बना हुआ है। उन्होंने कहा कि रेडियो को और प्रभावी तथा उपयोगी बनाने के लिए कई तरह से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग किया जा सकता है।

**विश्व रेडियो दिवस–रायपुर–02**

इससे पहले, स्वागत भाषण देते हुए आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव जैन ने कहा कि रेडियो सिर्फ एक संचार माध्यम नहीं है, बल्कि इसने समाज के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। श्री जैन ने कहा कि आकाशवाणी ने न सिर्फ देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोया है, बल्कि देश की सामाजिक और आर्थिक प्रगति में समाज के सभी वर्गों को जोड़ा भी है।

आकाशवाणी के महानिदेशक श्री जैन ने कहा कि बदलती तकनीक के साथ आकाशवाणी ने भी कई परिवर्तन किए हैं और आज आकाशवाणी की कोशिश है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस तरह से उपयोग किया जाए कि उसकी विश्वसनीयता और श्रोताओं के साथ उसका आत्मीय रिश्ता बना रहे।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रगीत वंदेमातरम् के एक सौ पचास वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आकाशवाणी की विशेष स्मारक श्रृंखला "स्वाधीनता का जयघोष – वंदे मातरम भारत की सांस्कृतिक धरोहर – एक संगीतमय यात्रा" के अंतर्गत अगली छह संगीत प्रस्तुतियों का डिजिटल विमोचन किया गया। इस अवसर पर रेडियो की विकास यात्रा पर एक प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। कार्यक्रम के अंतर्गत ऑडियो विजुअल प्रस्तुतीकरण, परिचर्चा, विशेषज्ञ पैनल चर्चा सहित विभिन्न सत्र आयोजित किए गए। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

**एसआईआर–दावा/आपत्ति**

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर के तहत प्राप्त दावों और आपत्तियों पर सुनवाई तथा दस्तावेजों के सत्यापन के लिए कल अंतिम दिन है। इक्कीस फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार ने लोगों से अपील की है कि वे मतदाता सूची से संबंधित किसी भी सहायता के लिए निर्वाचन आयोग की वेबसाइट, संबंधित बीएलओ या जिला निर्वाचन कार्यालय से संपर्क करें।

**गृहमंत्री–पत्रकारवार्ता**

उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने आज नवा रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में गृह और जेल विभाग की दो सालों की उपलब्धियों, सुधारात्मक पहल तथा कानून–व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए किए गए प्रयासों की जानकारी दी। साथ ही आने वाले समय की कार्ययोजना और विभाग की प्राथमिकताओं को भी साझा किया।

श्री शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार माओवाद समस्या के खात्में के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में सुरक्षा बलों को लगातार सफलता मिल रही है। उन्होंने यह भी बताया कि माओवादी अब सूचना प्राप्त करने के लिए वॉकीटॉकी की बजाय रेडियो का ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं। यही वजह है कि उनसे रेडियो के माध्यम से हिंसा का रास्ता छोड़ने की अपील भी की जा रही है।

**सेना भर्ती**

सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक इससे संबंधित अधिसूचना भारतीय सेना की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इच्छुक उम्मीदवार आगामी एक अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती प्रक्रिया में अग्निवीर

पुरूष जनरल, तकनीकी, लिपिक–स्टोरकीपर, ट्रैडमैन के साथ ही अग्निवीर महिला तथा स्थायी कैडर नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट और सिपाही फार्मा के पद शामिल हैं।

## मुख्यमंत्री–बैठक

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि वन्यजीव प्रकृति की अमूल्य धरोहर हैं और उनके संरक्षण तथा संवर्धन के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। आज रायपुर में आयोजित राज्य वन्यजीव बोर्ड की बैठक में राज्य वन्यजीव बोर्ड की स्थायी समिति के गठन को भी मंजूरी दी गई। साथ ही वन्य क्षेत्रों में विकास संबंधी विभिन्न प्रस्तावों का अनुमोदन कर उन्हें राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की स्वीकृति के लिए भेजने का निर्णय लिया गया।

## बिजली आयोग–जन–सुनवाई

राज्य विद्युत नियामक आयोग ने राज्य की बिजली कंपनियों द्वारा दायर याचिकाओं पर जन–सुनवाई का कार्यक्रम जारी किया है। आयोग के अनुसार वार्षिक राजस्व आवश्यकता, टैरिफ निर्धारण और पूंजीगत निवेश योजना के अनुमोदन से संबंधित याचिकाओं पर जन–सुनवाई होगी। सत्रह फरवरी को दुर्ग, बिलासपुर और राजनांदगांव और अट्ठारह फरवरी को अंबिकापुर, जगदलपुर और रायगढ़ में जन–सुनवाई आयोजित की जाएगी।

आयोग ने उपभोक्ताओं, जन–प्रतिनिधियों और अन्य हितधारकों से जन–सुनवाई में सक्रिय भागीदारी की अपील की है, ताकि टैरिफ निर्धारण प्रक्रिया में पारदर्शिता और सहभागिता सुनिश्चित की जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

– बीजापुर जिले के मोदकपाल थाना क्षेत्र स्थित पंगुड़ गांव के पास सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने माओवादियों द्वारा बनाए गए छह स्मारकों को ध्वस्त कर दिया है।

–	महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी से सौजन्य भेंट की। इस दौरान `केन्द्रीय मंत्री के साथ उन्होंने प्रदेश में संचालित महिला और बाल विकास संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन और कार्ययोजना को लेकर चर्चा की।

और

–	कबीरधाम जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार देने के लिए कवर्धा के जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कार्यालय परिसर में अट्ठारह और उन्नीस फरवरी को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>